माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय
(मध्यप्रदेश विधानसभा के अधिनियम क्रमांक 15, 1990 द्वारा स्थापित)
MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM & COMMUNICATION
(Setup by Act No. 15, 1990 of M.P. Legislative Assembly)

कार्यशाला निमंत्रण

क्रमांक / सं.अ.सं. / 2024 / २६४ दिनांक : ०२ / 05 / 2024

प्रति,

संचालक,
समस्त संबद्ध अध्ययन संस्थाएँ,(मीडिया एवं आई.टी), ग्वालियर एवं चंबल संभाग।

विषय - दिनांक 04 मई 2024 शनिवार को आयोजित एक दिवसीय संभागीय प्रशिक्षण कार्यशाला में भागीदारी हेतु आमंत्रण।

महोदय / महोदया,

आप सभी को हर्षपूर्वक सूचित किया जाता है कि ग्वालियर एवं चंबल संभाग के संचालकों / संस्था प्रभारियों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन ग्वालियर शहर में दिनांक **04 मई 2024 को सुबह 11 बजे से होटल रॉयल इन, सिटी सेंटर मेन रोड ग्वालियर म.प्र. में आयोजित है।**

कृपया कार्यशाला के सभी प्रतिभागी संचालक समय व तिथि का विशेष ध्यान रखें और निर्धारित समय पर कार्यशाला में भागीदारी सुनिश्चित करें।

इस संभागीय प्रशिक्षण कार्यशाला में कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के **माननीय कुलपति** प्रो. के. **जी.सुरेश** करेंगे। कार्यशाला में संबद्ध संस्थाओं (मीडिया / आई.टी) व परीक्षा से जुड़े विषयों और समस्याओं पर भी विचार–विमर्श किया जाएगा।

कार्यशाला में जलपान एंव दोपहर भोज की व्यवस्था है। सभी प्रतिभागियों को रूपये 590 / –(पाँच सौ नब्बे रूपये मात्र) का प्रशिक्षण शुल्क विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त LINK https://www.onlinesbi.sbi/sbicollect/ पर ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है।

कार्यशाला में संस्था की ओर से मात्र 01 प्रतिनिधि (संचालक / अधिकृत व्यक्ति)की उपस्थिति अनिवार्य है।

आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि ग्वालियर एवं चंबल संभाग की संस्थाओं के प्रतिनिधि इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में भाग लेंगे।

कृपया अपनी सहमति विश्वविद्यालय के सम्बद्ध अध्ययन संस्थाएं विभाग की ई–मेल : asimcrpv@gmail.com पर भेजने का कष्ट करें।

Babita
02/05/2024

(डॉ. बबिता अग्रवाल)
निदेशक
(संबद्ध अध्ययन संस्थाएँ)